STATE HEALTH SOCIETY, BIHAR
An ISO 9001 : 2008 Certified Institution

विज्ञापन संख्या–02/16

वॉक्-इन-इंटरव्यू

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को सृदृढ़ करने हेतु राज्य के चिन्हित 15 जिलों में संचालित कुल 81 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सा पदाधिकारी (Full/ Part Time), स्टाफ नर्स, ए0एन0एम0 एवं फर्मासिस्ट के पदों पर चयन हेतु निम्नांकित तिथियों को वॉक्–इन–इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है :–

क्र0सं0	पद का नाम	रिक्त पदों की संख्या	मानदेय (प्रति माह रू0)	वॉक्–इन–इंटरव्यू की तिथि
1	Medical Officer (on Full Time basis)	**81** (UR- 41, EBC- 14, BC-10, SC- 13, BC(F)- 02 & ST- 01)	31500/–*	25 एवं 26 अप्रैल, 2016
2	Medical Officer (on Part Time basis)	**81** (UR- 41, EBC- 14, BC-10, SC- 13, BC(F)- 02 & ST- 01)	18900/–**	27 एवं 28 अप्रैल, 2016
3	Pharmacist	**81** (UR- 41, EBC- 14, BC-10, SC- 13, BC(F)- 02 & ST- 01)	12000/–	29 अप्रैल, 2016
4	ANM	**405** (UR- 203, EBC- 73, BC- 48, SC- 65, BC(F)- 12 & ST- 4)	11500/–	02 से 05 मई, 2016 तक
5	Staff Nurse	**243** (UR-122, EBC-44, BC-29, SC-39, BC(F)-7 & ST- 2)	20000/–	06 से 07 मई, 2016 तक

*Medical Officer (on Full Time basis) का मानदेय 41000/–रू0 करने हेतु PIP 2016-17 में प्रस्ताव भेजा गया है। अनुमोदनोपरांत उक्त पद हेतु मानदेय 41000/–रू0 प्रतिमाह देय होगा।

**Medical Officer (on Part Time basis) का मानदेय 24000/–रू0 करने हेतु PIP 2016-17 में प्रस्ताव भेजा गया है। अनुमोदनोपरांत उक्त पद हेतु मानदेय 24000/–रू0 प्रतिमाह देय होगा।

नोट :– सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार सरकार के संकल्प सं0 11/आ0नी0–1–11/2015 सा0प्र0 963 दिनांक 20–01–16 के आलोक में महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का लाभ देय होगा।

सामान्य निर्देश :–

1. उक्त सभी पदों हेतु TOR, आवेदन पत्र (विहित प्रपत्र में) वांछित शैक्षणिक एवं अन्य प्रमाण पत्रों की विवरणी, शपथ पत्र, राज्य स्वास्थ्य समिति के वेबसाईट–**www.statehealthsocietybihar.org** पर उपलब्ध है, जिसे डाउनलोड किया जा सकता है।
2. उक्त सभी पद हेतु आयु एवं अनुभव के लिए Cut off Date- 01.04.2016 होगा।
3. उक्त सभी पद हेतु न्यूनतम आयु सीमा 21 वर्ष एवं अधिकतम आयु सीमा का निर्धारण निम्नानुसार होनी चाहिए:–

(क) अनारक्षित वर्ग (पुरूष) – 37 वर्ष
(ख) पिछड़ा वर्ग/ अत्यंत पिछड़ा वर्ग (पुरूष एवं महिला) – 40 वर्ष
(ग) अनारक्षित वर्ग (महिला) – 40 वर्ष
(घ) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (पुरूष एवं महिला) – 42 वर्ष

4. उक्त सभी पद हेतु वॉक्–इन–इंटरव्यू में उपस्थित होने के लिए किसी भी प्रकार का TA/DA अनुमान्य नहीं होगा।
5. नियोजन पूर्णतः संविदा के आधार पर 11 माह के लिए किया जायगा। जिसे चयनित अभ्यर्थियों के संतोषप्रद कार्य, पदों की आवश्यकता एवं राशि की उपलब्धता के आधार पर संविदा अवधि विस्तार की जा सकती है।
6. संविदागत् नियोजन के आधार पर किसी भी तरह का नियमितीकरण अथवा पुनर्नियोजन का दावा मान्य नहीं होगा।
7. केवल बिहार राज्य के अभ्यर्थियों को नियमानुसार आरक्षण का लाभ देय होगा।
8. उक्त सभी पद हेतु अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र/अनुभव प्रमाण पत्र/अन्य प्रमाण पत्रों की मूल प्रति के साथ एक स्व–अभिप्रमाणित छाया प्रति एवं दो पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो के साथ वॉक्–इन–इंटरव्यू में भाग लें।
9. वॉक्–इन–इंटरव्यू में भाग लेने वाले सामान्य/पिछड़ा वर्ग/अत्यंत पिछड़ा वर्ग कोटि के अभ्यर्थियों को 300/–रू0 एवं अनुसूचित जाति/जनजाति को 75/–रू0 का बैंक ड्राफ्ट जो **"State Health Society, Bihar"** के नाम से **'Patna'** में देय होगा अपने साथ लाना अनिवार्य होगा। यह राशि **Non-refundable** होगी।
10. वॉक्–इन–इंटरव्यू में भाग लेने हेतु **राज्य स्वास्थ्य समिति, परिवार कल्याण भवन, शेखपुरा, पटना–14** में निर्धारित तिथि को **पूर्वाह्न 9:30 बजे से पूर्वाह्न 11:30 बजे** तक निबंधन कराना अनिवार्य होगा। बिना निबंधन कराये हुए कोई भी अभ्यर्थी वॉक्–इन–इंटरव्यू में भाग नहीं ले सकेंगे।
11. बिना किसी पूर्व सूचना के वर्त्तमान में कोटिवार रिक्ति की संख्या में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नियोजन पूर्व एवं नियोजन के पश्चात् करने हेतु राज्य स्वास्थ्य समिति का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
12. राज्य स्वास्थ्य समिति उक्त पद या पद की संख्या या विज्ञापन रद्द या उक्त सभी पद या कोई एक पद को बिना किसी सूचना के समाप्त/परिवर्त्तित करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।

(रविश किशोर, बि0प्र0से0)
वरीय उपसमाहर्त्ता–सह–
प्रभारी मानव संसाधन
राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार।